# उत्तराखंड में सुरक्षा को खतरा : कुमाऊं मंडल में 1557 लोग संदिग्ध, 16 हजार से अधिक लोग गैर सत्यापित

## -आईजी डॉ. नीलेश आनंद भरणे बोले, लापरवाही बरतरने वाले कर्मियों होगी कार्रवाई



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं मंडल में दावों से इतर पुलिस विभाग सत्यापन को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। विभाग के ही आंकड़े विभागीय कार्यप्रणाली की चुगली कर रहे हैं। कुमाऊं के छह जिलों की बात करें तो यहां 16,212 लोग बिना सत्यापन रह रहे हैं। इनमें से 1557 लोग संदिग्ध हैं। इनके पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला। इनकी सबसे ज्यादा संख्या नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में है।
आंकड़ों के अनुसार पुलिस ने अप्रैल से अब तक के 16,212 किरायेदार चिह्नित किए हैं। इनमें फड़, रेहड़ी और छोटा व्यापार करने वाले लोग शामिल नहीं हैं। इनमें से डेढ़ हजार लोग अपनी पहचान ही नहीं बता पाए। सत्यापन में सबसे पीछे नैनीताल पुलिस है। यहां 4,723 बिना सत्यापन और 606 लोग संदिग्ध मिले हैं। इसके बाद ऊधमसिंह नगर में 644 लोग संदिग्ध मिले हैं। आंकड़ों पर आईजी ने नाराजगी जताई है।
प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नैनीताल जनपद में 4726 लोग बिना सत्यापन के रह रहे हैं। इनमें 606 लोग संदिग्ध हैं। इसी तरह यूएस नगर में 3832 लोग गैर सत्यापित और 644 संदिग्ध, पिथौरागढ़ में 2420 असत्यापित व 43 संदिग्ध, चम्पावत में 2378 असत्यापित व 17 संदिग्ध, अल्मोड़ा में 1671 असत्यापित व 192 संदिग्ध तथा बागेश्वर जिले में 1188 असत्यापित व 55 संदिग्ध शामिल हैं।
आईजी डॉ. नीलेश आनंद भरणे ने कहा कि पुलिस शत-प्रतिशत सत्यापन को लेकर गंभीर है। सत्यापन को लेकर सभी जिलों की पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं।
लापरवाही बरतने पर संबंधित थाना-चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली के युवक की मददगार बनी जल पुलिस, डूबने से बचाया

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरकी पैड़ी के समीप कांगड़ा पुल के पास दिल्ली के एक युवक को जल पुलिस ने डूबने से बचा लिया। बचाए जाने के बाद युवक ने पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया।
विजय कुमार उम्र 27 साल पुत्र कुन्न निवासी पुराना जंगपुरा जल विहार नई दिल्ली गंगा जी को पार करने के प्रयास में डूबने लगा। मौके पर मौजूद जल पुलिस के जवान गोताखोर सनी कुमार ने तत्काल डुबकी लगाकर युवक को बचाया।

# प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कनखल थाने में न्यायालय के आधार पर प्रॉपर्टी डीलर रोहित वालिया व उसकी पत्नी मीतू वालिया और उसके बेटों सहित आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।
मामले में राज आनंद पुत्र राजवीर निवासी शिवपुरम कॉलोनी जगजीतपुर जिला हरिद्वार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि रोहित वालिया पुत्र त्रिलोक चंद्र निवासी जगजीत पुर ने एक प्लाट 34 लाखों में जो कि उसकी पत्नी मीतू वालिया के नाम था, का सौदा दिसंबर 2021 को राज आनंद के साथ किया था।
राज आनंद ने बयाने के रूप में बंधन बैंक का 51000 का चैक रोहित वालिया की पत्नी मीतू वालिया को दिया। फिर जनवरी में 3 लाख 39 हजार रुपये देखकर मार्च में रजिस्ट्री कराने का इकरारनामा लिखा गया। इस बीच पीड़ित बैंक लोन की तैयारी पूरी करने में लग गया। बैंक लोन कराते समय बैंक मैनेजर ने कहा कि प्लाट पर कुछ बना होगा तभी लोन हो पाएगा जब प्लाट पर कुछ बनाने की इजाजत पीड़ित ने रोहित वालिया से मांगी तो रोहित वालिया ने हां कह दी। पीड़ित ने प्लाट पर एक कमरा, लैट्रिन बाथरूम, किचन बना दिए जिसको बनवाने में लगभग 6 लाख की लागत आई। मार्च 2022 में जब प्लाट की रजिस्ट्री का वक्त आया तो पीड़ित ने रोहित वालिया को बुलाया रोहित वालिया ने रजिस्ट्री करने से साफ इनकार कर दिया।
और अगले दिन अपने दोनों पुत्रों व चार पांच अन्य लोगों को लेकर प्लाट पर गया और पीड़ित द्वारा बनाया गया निर्माण तोड़ दिया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट पर गाली गलौज करना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भगा दिया।
मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई लेकिन पीड़ित की कोई सुनवाई नहीं हुई आखिर कार पीड़ित न्यायालय की शरण में गया न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कनखल थाने में रोहित वालिया, मीतू वालिया राघव, नोनू व चार अन्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी।

### शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध, अब पहुंचा सलाखों के पीछे

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से इंकार करने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। लक्सर कोतवाल अमरजीत सिंह के मुताबिक यूपी के बिजनौर के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने 28 अप्रैल को तहरीर देकर बताया कि उसके गांव निवासी एक युवक लक्सर के एक अस्पताल में कर्मचारी है। वह भी लक्सर में कार्य करती है। उसने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया, साथ ही शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा।

# 23 मई से पर्वतीय क्षेत्रों फिर बदलेगा मौसम, येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी

**रविवार सुबह से देहरादून में हल्के बादलों के बीच राज्य के अधिकांश इलाकों में चटक धूप खिली रही**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य में दो दिन बाद फिर से पर्वतीय क्षेत्रों फिर मौसम के बदलने की संभावना जताई गई है। इसके लिए मौसम विभाग ने बाकायदा अलर्ट भी जारी कर दिया है। विभाग ने 23 से लेकर 25 मई तक के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी जारी की है।
इस दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की से हल्की बारिश, ओलावृष्टि और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावनाएं जताई हैं। हालांकि शेष स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा।
रविवार सुबह से देहरादून में हल्के बादलों के बीच राज्य के अधिकांश इलाकों में चटक धूप खिली रही। आज मौसम के सामान्य रहने के आसार हैं।
मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में एक बार फिर से 23 मई से मौसम करवट बदल सकता है। 22 मई को राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली जनपदों और कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं बहुत हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। 23 मई को राज्य के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश,गरज-चमक के साथ बारिश को लेकर येलो अलर्ट की चेतावनी जारी की गई है। 24 और 25 मई को राज्य के अधिकांश जनपदों के स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक के साथ बारिश के आसार हैं।
मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक राज्य के पर्वतीय जिले उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा इन जिलों में 23 मई तक हल्की बारिश हो सकती है। राज्य के अन्य इलाकों में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। राज्य के पर्वतीय स्थानों पर 24 और 25 मई को गरज चमक के साथ ओलावृष्टि और झोंकेदर हवाओं के चलने के आसार हैं।
अगले दिनों में मैदानी इलाकों में तापमान 36 डिग्री तक पहुंच सकता है। 23 मई को 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे और 24 और 25 मई को प्रदेश के पहाड़ी जनपदों में बारिश, ओलावृष्टि और मैदानी इलाकों में 50 से 60 से लेकर 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के आसार हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### धर्मनगरी में महिला की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर की वायरल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एक महिला की अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। महिला के पति ने फोटो वायरल होने पर आरोपितों पर सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।
लक्सर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके गांव के दो लोग उससे रंजिश रखते हैं। इस कारण से आए दिन सोशल मीडिया पर वह गलत पोस्ट डालते रहते हैं। अब उन्होंने उसकी पत्नी की अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। महिला के पति का आरोप है कि आरोपित अब रोजाना उसकी पत्नी के फोटो वायरल कर रहे हैं।

### इन्फोगेन एआय बिझनेस सोल्युशन्स अब मायक्रोसॉफ्ट ऐजुर मार्केटप्लेस में उपलब्ध

**देहरादून।** इन्फोगेन, एक सिलिकॉन वैली-मुख्यालय, मानव-केंद्रित डिजिटल प्लेटफॉर्म और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग सेवाओं में अग्रणी, ने आज ऐजुर मार्केटप्लेस पर तीन एआई-संचालित व्यावसायिक समाधानों की उपलब्धता की घोषणा की, जो एक ऐजुर पर उपयोग के लिए एप्लिकेशन और सेवाएं प्रदान करने वाला एक ऑनलाइन स्टोर हैं।
ऑनलाइन एनएवीआयके ग्राहक अब सुव्यवस्थित परिनियोजन और प्रबंधन के साथ उत्पादक और विश्वसनीय ऐजुर क्लाउड प्लेटफॉर्म का लाभ उठा सकते हैं। एनएवीआयके एक एआई प्लेटफॉर्म है जो डेटा इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेटा इंजीनियरिंग और डेटा एनालिटिक्स आवश्यकताओं सहित एआई समाधान की जरूरतों को पूरा करता है। एनएवीआयके के मॉड्यूलर घटकों में डेटा इंटीग्रेशन रिपॉजिटरी और पाइपलाइन स्क्रिप्ट, अत्याधुनिक मशीन लर्निंग मॉडल पर निर्मित उच्च प्रशिक्षित एल्गोरिदम की लाइब्रेरी और पूर्व-निर्मित यूआई घटक शामिल हैं। एनएवीआयके का उपयोग करके, इन्फोगेन अपने ग्राहकों की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए एआई -संचालित समाधानों को तेजी से डिजाइन, विकसित और तैनात कर सकता है। ऐजुर पर ओपनएआई द्वारा संचालित एएसके एनएवीआयके एक अत्याधुनिक जनरेटिव आई समाधान की सभी क्षमताओं और वादे को पूरा करता है, लेकिन एक पैकेज में जो एक व्यावसायिक संगठन के अंदर सुरक्षित और प्रभावी ढंग से काम करेगा। प्रत्येक एएसके एनएवीआयके कार्यान्वयन को किसी विशेष व्यावसायिक उपयोग के मामले की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। अनिल कौल चीफ एआई अधिकारी इन्फोगेन ने कहा, हमने एनएवीआयके को मशीन लर्निंग मॉडल सहित उन्नत एआई समाधानों की शक्ति सीधे व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं के हाथों में देने, मानव पूर्वाग्रह को दबाने और बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया है। ऐजुर का पैमाना , देशी मशीन लर्निंग ऑपरेशंस और उद्यम सुरक्षा क्षमताएं हमें इस दृष्टि को तेजी से तेज करने में मदद करेंगी।
जेक जबोरोव्स्की, जनरल मैनेजर,माइक्रोसॉफ्ट ऐजुर प्लेटफॉर्म,माइक्रोसॉफ्ट कार्पोरेशन ने कहा, ह्लहम इन्फोगेन से माइक्रोसॉफ्ट ऐजुर मार्केटप्लेस में तीन एनएवीआयके एआई समाधानों का स्वागत करते हुए प्रसन्न हैं, जो हमारे भागीदारों को दुनिया भर के क्लाउड ग्राहकों के लिए शानदार प्रदर्शन प्रदान करता है। ऐजुर मार्केटप्लेस ऐजुर के साथ सहजता से काम करने के लिए परीक्षण किए गए समाधानों के साथ वैश्विक विश्वसनीय भागीदारों से विश्व स्तरीय गुणवत्ता अनुभव प्रदान करता है।

### मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूक दिखे छात्र

**देहरादून।** वंडरवैल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस लाइन रिपोर्ट पुलिस ऑडिटोरियम में आयोजित मेघा वर्कशॉप के दौरान सभागार में मौजूद समस्त छात्र व पैनलिस्ट मानसिक स्वास्थ्य को ले कर खासे जागरूक देखें। कार्यक्रम की शुरूआत वंडरवैल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ याशना बाहरी सिंह एवं देवेंद्र सिंह कार्यक्रम में मौजूद सभी पैनलिस्ट जिनमें माया ग्रुप ऑफ कॉलेज की एमडी तृप्ति जुयाल सेमवाल, डॉ जसलीन कालरा शर्मा, चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट एनी सिंह, सेंटेरियो डिफेंस एकेडमी के डायरेक्टर शिशिर दीक्षित एवं समाजसेवी आशा टम्टा मौजूद थे कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीजीपी अशोक कुमार मौजूद रहे। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव छात्रों से साझा किए और उनको साइबर क्राइम से भी सतर्क रहने के टिप्स दिए।

# शहरी विकास मंत्री ने जी-20 के अंतर्गत जौलीग्रांट एयरपोर्ट से इंद्रमणी बडोनी चौक तक किये कार्यों का किया निरीक्षण



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
शहरी विकास मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने जी-20 के अंतर्गत जौलीग्रांट एयरपोर्ट से इंद्रमणी बडोनी चौक तक किये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्यों की डा. अग्रवाल ने सराहना करते हुए अधिकारियों की पीठ थपथपाई। साथ ही एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी को रेलवे ब्रिज, इंद्रमणी बडोनी चौक, गौरा देवी चौक, डिवाइडर पर बड़े कलरफुल पौधों के गमले लगाने और बडोनी चौक के पास फसाड योजना के तहत दुकानों के सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए।
रविवार को मंत्री डा. अग्रवाल जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, यहां एमडीडीए द्वारा उद्यान, बागवानी के कार्यों का निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट पर ग्राउंड कवर तथा विभिन्न प्रजाति के कलरफुल पौधे जिनमें पाम की फाक्सटैल, वसिंगटोनिया, चांदनी, स्टार लाइट, कॉपर बोटल ब्रश आदि लगाए गए हैं, जो हर मौसम के लिए उपयोगी हैं तथा सदाबहार है।
डा. अग्रवाल ने एयरपोर्ट पर बनी पेंटिंग का भी निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि राज्य के सभी 13 जिलों की थीम पर आधारित पेंटिंग बनाई गई है, जिसे डा. अग्रवाल द्वारा सराहा गया। इसके बाद डा. अग्रवाल रानीपोखरी से होते हुए नरेंद्रनगर बैंड पहुंचे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बैंड पर लगाई गई विभिन्न प्रजाति के पौधों को वन क्षेत्र को ध्यान में रखकर लगाया गया है। इसमें बैम्बू, यूका, यूफारेबियामिली, फर्न, जंगली बांस आदि शामिल हैं।
इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी झरना कामठान, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, मुख्य नगर आयुक्त राहुल गोयल, सहायक नगर आयुक्त रमेश रावत, उद्यान अधिकारी एमडीडीए एआर जोशी, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्युष कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका डोईवाला उत्तम सिंह नेगी, लोनिवि के अधिशासी अभियंता धीरेंद्र कुमार, उपायुक्त नगर निगम देहरादून कुसुम चौहान, समाजसेवी भारत गुप्ता, विनय जिंदल आदि उपस्थित रहे।

### बनबसा में पुलिस ने जुआ खेल रहे सात लोगों को गिरफ्तार किया

**बनबसा (चंपावत)/टीम एक्शन इंडिया**
ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत पुलिस ने सात लोगों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। उनके पास से 5.05 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए सभी लोग नेपाल के कैसिनो जा रहे थे, लेकिन बॉर्डर पर हो रही चेकिंग से डर कर वे जंगल में जुआ खेलने चले गए। एसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि ग्राम दियोरिया कला थाना दियोरिया कला जिला पीलीभीत उप्र, गोविन्द कुमार, दिनेश कुमार निवासी, संजीव कुमार निवासी ग्राम अकबराबाद थाना बिलसन्डा जिला पीलीभीत, रविन्द्र निवासी ग्राम अंधा पोस्ट इमलिया गंगी थाना दियोरिया कला जिला पीलीभीत, भूपेन्द्र निवासी ग्राम चटया थाना बिलसन्डा जिला पीलीभीत उप्र सहित लोग शामिल हैं।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक 24 को



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिला भाजपा कार्यालय हरिद्वार पर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई।
जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने बताया कि आगामी 24 मई को भाजपा जिला हरिद्वार की जिला कार्यसमिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय पर की जाएगी, जिसके अंतर्गत पिछले 3 माह में संगठन द्वारा दिए गए कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 30 मई को केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर 30 मई से 30 जून के मध्य महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से होने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की रचना योजना बनाई जाएगी।
उन्होंने बताया कि इस दौरान लोकसभा स्तर पर विशाल जनसभा से प्रारंभ होकर विशिष्ट व्यक्तियों से संपर्क, वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन, विकास तीर्थ कार्यक्रम, मोर्चा सम्मेलन ,लाभार्थी सम्मेलन, योग दिवस, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, मन की बात आदि कार्यक्रमों के साथ-साथ 20 जून से 30 जून तक जिले में निवास करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक प्रत्येक घर में संपर्क कर मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों के बारे में पत्रक देकर चर्चा करेगा।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकथाम के लिए जन आंदोलन जरूरी



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पद्मश्री डॉ. संजय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विकास में रोड़ा बनने का काम कर रही हैं। हर भारतवासी राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देकर सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए जन आंदोलन में सहभागी बनें।
रविवार को प्रेस क्लब में पद्मश्री डॉ. संजय ने 7वें सयुंक्त राष्ट्र वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत 15 से 21 मई तक चलाए गए अभियान की जानकारी दी। उनका कहना है कि हम सब मिलकर दुर्घटनाओं को कम करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान राष्ट्र निर्माण में दे सकते हैं। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए एक जन आंदोलन की आवश्यकता है।
पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं ने महामारी का रूप धारण कर लिया है, जिसके मुख्य कारण हैं ओवरस्पीडिंग, ओवरटेकिंग, नींद का अभाव, नशे का प्रभाव। सड़कों पर ओवरस्पीडिंग, ओवरटेकिंग में मोबाइल का प्रयोग आग में घी का काम कर रहा है जो एक व्यावहारिक समस्या है और चालक के व्यवहार में बदलाव लाया जा सकता है।
पद्मश्री डॉ. संजय ने बताया कि वाहन की जितनी ज्यादा गति होती है उतनी ज्यादा क्षति होती है। ऐसे बहुत से नौजवान लोग हैं जिनका भविष्य ही बदल जाता है। बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाएं अपने देश में विकलांगता का मुख्य कारण हैं।
डॉ. संजय ने स्कूल के छात्रों, अध्यापकों एवं कर्मचारियों और जन-समूह से अपने और जनहित में यातायात के नियमों को सीखने और उनका पालन करने की शपथ दिलाई। इंडिया एवं इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स होल्डर ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय ने बताया कि हर साल लगभग अपने देश में 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं। जिनमें से लगभग 1.5 लाख लोगों की मौत हो जाती है और अच्छे इलाज के बावजूद भी इतने लोग विकलांग हो जाते हैं। सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं ओवरस्पीडिंग, ओवरटेकिंग, ओवरलोडिंग। इसके कारण आज वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग करने पर सड़क दुर्घटना की संभावना ज्यादा बढ़ जाती हैं और ऐसे में यदि दुर्घटना घटती है तो 40प्रतिशत लोगों की मौत भी हो जाती है।

# फिर हुई गौ तस्करों की पुलिस से मुठभेड़, एक बदमाश घायल



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
धर्मनगरी में पुलिस द्वारा गौ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार की देर रात थाना पथरी क्षेत्र के कासमपुर बुड्ढाहेड़ी के खेतों में पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया।
थाना पथरी क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ में घायल बदमाश को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जबकि एक बदमाश की तलाश में कांबिंग चल रही है। जिलेभर में पुलिस ने जनपद की सीमा से लेकर सभी मुख्य मार्गों पर चेकिंग कर वाहनों को खंगाला।
बीते शनिवार की मध्य रात्रि को पथरी थाना क्षेत्र में पुलिस को सूचना मिली कि जंगल के अंदर गौकशी की तैयारी चल रही है। पुलिस और सीआईयू की टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। तभी दो लोग गौकशी करने की तैयारी करते दिखे। जैसे ही पुलिस टीम ने उनकी घेराबंदी शुरू की तभी बदमाशों ने घबराकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली जा लगी। घायल बदमाश की पहचान जब्बार के रूप में हुई है। घायल बदमाश को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जबकि एक बदमाश मौके का फायदा उठाकर भाग निकला, जिसकी तलाश में कांबिंग शुरू की गई।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने निर्देश देते हुए हरिद्वार पुलिस की कई टीमें बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगा दी और अधीनस्थों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि हरिद्वार में गौ तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें कई गौ तस्करों ने सरेंडर किया है, तो कई को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार कार्य कर रही है।
पिछले एक पखवाड़े में पुलिस की गौ तस्करों के साथ ये तीसरी मुठभेड़ है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर महानगर ऋषिकेश के कांग्रेस जनों ने नगर निगम स्थित राजीव गांधी पार्क में स्थित मूर्ति पर सफाई कर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उत्तराखंड के शहीदों को याद करते हुए वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।
रविवार को नगर निगम स्थित पार्क में महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह और कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने कहा कि भारत रत्न राजीव गांधी ने भारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की नींव रखकर 21वीं सदी के आधुनिक भारत के शिल्पी, आधुनिक सोच व दूरदर्शिता से देश को एक नई दिशा देने का कार्य किया। राजीव गांधी एक ऐसे कर्मयोगी रहे हैं, जिनकी जीवन यात्रा में मानवता, सहजता, सरलता, निष्छलता के कई मुकाम रहे हैं। राष्ट्रहित उनके चिंतन के केन्द्र में था। उन्होंने इतिहास के कैनवास पर अपनी अनूठी और अमिट छाप छोड़ी। ये देश राजीव गांधी जी के किये कार्यों को कभी नहीं भुला सकता ।
महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलम तिवारी और पूर्व प्रदेश सचिव विमला रावत ने कहा कि राजीव गांधी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे।

